


अमिअ मूरिमय चूरन चारू । समन सकल भव रूज परिवारू ।।
गुरू पद रज मृदु मंजुल अंजन । नयन अमिअ दृग दोष बिभंजन ।।

( मानस-भारत । राम कथा 923 - नई दिल्ली । मोरारी बापू )


सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 74 | इंदौर, मंगलवार 19 सितंबर, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


# गणेश जी बुद्धि के देवता है...

## गणेश जी का हर अंग ज्ञान की पाठशाला है..

◆ **बड़ा सिर**

गणेश जी का बड़ा माथा हमेशा बड़ी सोच रखने की सीख देता हैं।

◆ **बड़े कान**

व्यक्ति को चौकन्ना रहने की प्रेरणा देते हैं। जो भी ज्ञान की बात कहे, उसे ध्यान से सुने।

◆ **लंबी सूंड**

कार्यकुशलता का प्रतीक | कोई भी सफलता आसानी से नही मिलती उसके लिये लचीला और अनुकूल होना जरुरी है।



◆ **छोटी आँखें**

एकाग्रता और सूक्ष्म दृष्टि का प्रतीक। हमेशा बारीकी से देख परख कर फैसला लेने की सीख देती है।

◆ **छोटा मुँह**

गणेश जी का छोटा मुँह कम बोलने की सीख देता है।

◆ **बड़ा पेट**

जीवन में काफी कुछ सीखने, देखने और सुनने को मिलेगा जो सही है. उसे अपने पास रख कर पचा लें।

◆ **चार भुजायें**

भगवान गणेश जी चार भुजायें संयम, नियंत्रण, दण्ड और विवेक का प्रतीक है।



# बारिश की खलल के बाद एक बार फिर शुरू हुआ एक्सपो

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रीज मध्यप्रदेश एवं फ्यूचर इवेंट्स के संयुक्त तत्वावधान में इंदौर में पहली बार आयोजित की जा रही एग्जीबिशन ह्यप्रीमियम एक्सटीरियर एंड इंटीरियर एक्सपो 2023 बारिश के खलल के बाद एक बार फिर सोमवार से शुरू हुई और पहले ही दिन इसे लोगों का जबरदस्त रिस्पांस देखने को मिला। लोगों के रिस्पांस को देख देश के विभिन्न हिस्सों से आए स्टॉल ओनर्स ने राहत की सांस ली। बाईपास रोड स्थित लाभ गंगा एग्जीबिशन सेंटर में आयोजित हो रहे इस एक्सपो में हर स्टॉल पर काफी सारे यूनिक प्रोडक्ट्स देखने को मिल रहे है। एक्सपो में देशभर से आए इंडस्ट्रीलिस्ट ने अपने इंटीरियर और एक्सटीरियर डिजाइन, प्रोडक्ट और सर्विस को प्रदर्शित किया।**

## पेड़ की कटिंग से बने वुडन टेबल टॉप

टेम्पल लाइन स्टूडियो के लवी खनूजा ने बताया कि आमतौर पर एक्रेलिक शीट को लेकर लोगों की शिकायत रहती है कि वह टूट जाती है पर हम जो एक्रेलिक शीट लेकर आए है वह अनब्रेकबल है। वहीं अगर इसमें कोई स्क्रैच लग जाता है तो उसे भी दूर किया जा सकता है। इसके अलावा हमारे पास लेकर फिनिश सीट मिल जाएगी, फ्लैक्सीबल लुवर्स का भी काफी वैरायटी है हमारे पास। इसके अलावा कस्टमाइज लैमिनेट में काफी खूबसूरत डिजाइन और वैरायटी देखने को मिल जाएगी। हमारे यूनिक प्रोडक्ट्स में टेबल टॉप्स की ऐसी स्पेशल वैरायटी है जो कि एक्वुअल वुडन लॉग की कटिंग से बने हुए है, जिन्हें साउथ अफ्रीका से इम्पोर्ट किया जाता है। यह इतने एलिगेंट और लग्जीरियस नजर आते है कि इन्हें देखने वाला हर कोई आपसे पूछेगा की कहां से लिया। साथ ही रेजन आर्ट मर्ज विद वुडन सेंटर टेबल में भी काफी ऑप्शन मिल जाएंगे। इनके डायनिंग टेबल बेहद भी है जो कि बेहद खूबसूरत नजर आते हैं। इनके रेंज की बात करें तो यह 9.5 हजार से शुरू होती है।

## सोलर प्लांट के काफी ऑप्शन है अवलेबल

अगर आप अपने घर में सोलर पैनल लगवाने की प्लानिंग कर रहे हैं तो यहां आपको काफी सारे ऑप्शन मिल सकते है। एपी सोलर वर्कर्स के अक्षय गुप्ता ने बताया कि घरों में सोलर प्लांट प्लान करने से पहले आपको अपने कंजम्पशन की जानकारी होनी चाहिए और उसी के अनुसार प्लांट इंस्टॉल करना चाहिए। अपनी जरूरत से कम या ज्यादा का सोलर पैनल लगवाना फायदेमंद नहीं रहता है। अगर आप के घर का महीने का बिल 5-6 हजार का आता है तो आपको 5 किलो वाट के सोलर पैनल की आवश्यकता है। इसमें अलग अलग प्रकार की टेक्नोलॉजी आती है। आमतौर पर 5 किलो वाट के सोलर प्लांट के लिए 300 स्क्वायर फीट की जगह चाहिए होती है। इसमें काफी सारी टेक्नोलॉजी अवेलेबल है खरीदते समय अपनी जरूरत और जगह के अनुसार टेक्नोलॉजी का चयन करना चाहिए। इसके साथ ही आप को सर्विस कितने साल की मिल रही है यह भी देखना बहुत जरूरी है। यह एक ऐसी चीज है जिसमें सर्विस की जरूरत पड़ती है। ऐसे में आपको जितनी ज्यादा सर्विस मिलें उतना बेहतर रहता है। हम अपने प्रोडक्ट पर 10 साल की सर्विस प्रदान करते हैं।

# इंजिनियर उन समस्याओं का समाधान करता हैं जिनसे हम घिरे हुए हैं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर** । सूचना प्रौद्योगिकी के इस गतिशील युग में इंजिनियर आज अच्छी तरह से और मजबूती के साथ सबसे आगे खड़े हैं। आज के इंजिनियर एक ऐसे भविष्य का निर्माण कर रहे हैं जो अच्छी तरह से मजबूत और दृढ हो। ये विचार इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स के अध्यक्ष इंजिनियर आर, पी गौतम के हैं ,जो उन्होंने इंजिनियर दिवस पर व्यक्त किए । द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजिनियरस इंदौर लोकल ने ब्रिलियट कंवेंशन सेंटर मे इंजिनियर सर मोक्षगुंडम विश्वैया की जयंती इंजिनियर दिवस के रुप में मनाई । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद और इंजीनियर शंकर लालवानी थे। मुख्य वक्ता आई आई सी ए ई के निदेशक सुमित शर्मा थे। विशेष अतिथि इंदौर स्मार्ट सिटी के मुख्य कार्यकारी निदेशक इंजिनियर दिव्याक सिंह थे। अपने मुख्य संबोधन में इंदौर स्मार्ट सिटी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी इंजिनियर दिव्यांग सिंह ने कहा कि इंजिनियर उन समस्याओं का समाधान प्रदान करता हैं जिनसे हम घिरे हुए हैं। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सुमित शर्मा ने इंजीनियरिंग एक लचीला भविष्यः मजबूत, स्मार्ट, सुरक्षित निर्माण विषय पर अपना व्याख्यान दिया। उन्होंने अपने प्रेजेंटेशन में कार सेफ्टी को लेकर पॉवर पॉइंट प्रदर्शन किया. उन्होंने बताया कि हम किसी भी कार या वाहन को उसकी कीमत, माइलेज और लुक के आधार पर ही खरीदना चुनते हैं और यह प्राथमिकता नहीं होनी चाहिए। किसी भी प्रकार के वाहन को चुनने के लिए सबसे पहली और सबसे प्राथमिकता उसकी सुरक्षा, सुविधा होती है। कार्यक्रम में इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (आई), इंदौर लोकल सेंटर ने उद्योग जगत के नेताओं इंजिनियर को सम्मानित किया। नंदिनी जखेटिया, इंजीनियरिंग निदेशक, मेसर्स इम्पेटस टेक्नोलॉजीज इंडिया प्राइवेट। लिमिटेड, श्री अविनाश तोदी, प्रबंध निदेशक, जयदीप इस्पात एंड अलॉयज प्राइवेट लिमिटेड। डॉ. विकास मांजरेकर, कार्यकारी उपाध्यक्ष, एवीटीईसी लिमिटेड, सौरभ जैन, निदेशक, प्रेम टेक्सटाइल्स, एस.एन. गोयल, अध्यक्ष, मराल ओवरसीज लिमिटेड, इंजीनियर। उदय वागड़े, प्लांट हेड, ब्रिजस्टोन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड। अंत में आभार माना डॉ. शिल्पा त्रिपाठी ने ।

## कमलनाथ के 11 वचन गंगाजल के साथ लेकर घर-घर पहुंचेंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। लोकसभा पिछड़ा वर्ग कांग्रेस संगठन के अध्यक्ष हिमांशु यादव ने बताया कि कांग्रेस के सभी मोर्चा,संगठन,अध्यक्षों व नगर अनुसूचित जाति एवं निगम कर्मचारी कामगार संग के संयोजक और वरिष्ठ जनों को साथ लेकर पिछड़ा वर्ग संगठन के हम सभी कार्यकर्ता मिलकर बहुत जल्द कमलनाथ जी के 11 वचनों को गंगाजल के साथ लेकर जनता के बीच घर-घर जाएंगे प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलनाथ पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंग अरुण यादव के नेतृत्व में व इंदौर जिला कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महेंद्र जोशी सह प्रभारी महेंद्र परमार चंद्रकांत शर्मा इंदौर शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुरजीत सिंह चड्डा व इंदौर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सदाशिव यादव के मार्गदर्शन में जनता के बीच जाकर इंदौर की जनता को कांग्रेस के 11 वचनों से रूबरू कराएंगे और बताएंगे की कमलनाथ द्वारा 15 महीनों की सरकार में किए गए काम और कार्यों को जनता के बीच दोबारा से दोहराएंगे और इस प्रदेश में चल रही मुख्यमंत्री की झूठ उगलने वाली डबल स्पीड घोषणा की मशीन की जानकारी जनता को देंगे।



## चल समारोह के साथ निकाली कलश यात्रा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। नवयुवक मंडल गणेश उत्सव समिति ने पूजन आरती के बाद भगवान गणेश की स्थापना की। इसके पश्चात दस दिवसीय उत्सव शुरू हुआ। समिति के आयोजक नमन कुशवाह और राकेश कुशवाह ने बताया कि दस दिन कई कार्यक्रम होंगे। समिति के संरक्षक कैलाश विजयवर्गीय और आकाश विजयवर्गीय है। उत्सव के पहले दिन आयोजन स्थल अलका टाकीज से भव्य चल समारोह और कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।यात्रा में गायक गन्नू महाराज ने भजनों की मोहक प्रस्तुति दी। उत्सव के दौरान रोजाना समिति द्वारा चलित भंडारा रखा जायेगा।साथ ही निशुल्क लक्की ड्रा का आयोजन भी होगा, जिसके विजेताओं को 27 सितंबर को पुरस्कृत किया जाएगा।




© www.detectivegroupreport.com

# मालवा मिल में श्री गणेशजी की स्थापना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इन्दौर** । मालवा मिल श्री गणेशोत्सव समिति के अध्यक्ष श्री कैलाश कुशवाह, प्रधानमंत्री राजेन्द्र मरमट ने बताया कि दि. मालवा मिल श्री गणेशोत्सव एवं झांकी निर्माण समिति के तत्वावधान में मालवा मिल परिसर में श्री गणेशजी की स्थापना इंटक के प्रदेश उपाध्यक्ष पं. गोपाल शर्मा, पं. अनंत योगेन्द्र महंत एवं समजासेवी श्री मदन परमालिया के मुख्य आतिथ्य में भगवान श्री गणेशजी की आरती के साथ सम्पन्न हुई ।इस अवसर पर मालवा मिल श्री गणेशोत्सव के अध्यक्ष कैलाश कुशवाह, प्रधानमंत्री राजेन्द्र मरमट, संयोजक संतोष वर्मा, कोषाध्यक्ष पं. सुरेन्द्र शर्मा, पं. जवाहरलाल शर्मा, पं.श्री राजेन्द्र शर्मा, रवि वर्मा (अन्ना), ओमप्रकाश जैन, अजय जोशी, विजय पटेल, किशनलाल कुशवाह, संतोष यादव, महेशकुमार शर्मा, जितेन्द्र करोसिया, देवीलाल जोड़वाल, संजय ठाकुर (गुड्डू), फोटोजर्नलिस्ट सुधीर वर्मा आदि विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन गणेशोत्सव समिति के अध्यक्ष कैलाश कुशवाह ने किया तथा आभार कोषाध्यक्ष श्री सुरेन्द्र शर्मा ने माना।

## पीपली बाजार में आज पूरे हर्षोल्लास के साथ मनेगा संवत्सरी पर्व

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। पीपली बाजार स्थित अर्बुद गिरीराज जैन श्वैताम्बर उपाश्रय में पूरे हर्षोल्लास के साथ संवत्सरी पर्व मनाया जाएगा। इसको लेकर मंगलवार सुबह 6 बजे से पौषध क्रिया प्रारंभ होगी, 9 बजे से गुरु भगवतं के श्री मुख से बारसा सूत्र का वाचन व दर्शन होगा,11 बजे गाजेबाजे के साथ सकल श्रीसघं की चेत्यपरिपाटी निकलेगी, जो पाँच प्रमुख मंदिरों में छाब अर्पण करते हुए पुनः उपाश्रय आएगी। और दोपहर तीन बजे से सामूहिक प्रतिक्रमण किया जाएगा।

ट्रस्ट के अध्यक्ष पारस बोहरा, शेखर गेलड़ा, पुण्यपाल सुराणा,हंसराज जैन एवं कैलाश नाहर ने बताया कि पूज्य गणिवर्य आनंद चंद्र सागर जी महाराज के शिष्य मुनिराज श्री सुव्रत चंद्र सागर जी एवं मुनि श्री शांति चंद्र सागर जी एवं साध्वी श्री नम्रव्रता श्री जी महाराज साहेब की निश्रा में जैन श्वेतांबर समाज का संवत्सरी वार्षिक पर्व इंदौर के पीपली बाजार स्थित अर्बुद गिरीराज उपाश्रय में मनाया जाएगा,जिसमें हजारो श्रावक,श्राविका की उपस्थिति रहेगी।सभी समाज जन वर्ष भर मे हुए अविनय,भूलो के लिये एक दुसरे से क्षमा याचना करेंगें। भगवान महावीर ने जीयो और जीने दो का संदेश दिया,उसी को आधार बनाकर क्षमावाणी पर्व को बडे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा।

## सांवेर में रहवासियों की समस्या को लेकर चक्काजाम भी किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। सांवेर विधानसभा में कांग्रेस के प्रबल दावेदार विजय राठौर बंटी ने इंदौर में तीन दिनों तक लगातार हुई बारिश के दौरान सांवेर विधानसभा के पीडित क्षेत्रों में पहुंचकर कई लोगों को सुरक्षित जगह पर भी पहुँचाया । बारिश के दौरान वार्ड 35 में नालियां जाम थी, जिससे घरों में घुटने-घुटने पानी घुस गया था। राठौर इस परेशानी पर सडक पर बैठ गए और चक्काजाम कर दिया। उसके बाद आनन फानन में अधिकारी आये और पानी निकासी करने के लिए मशक्कत की ओर पानी की निकासी की गई। राठौर ने कहा प्रदेश सरकार सिर्फ कागजो पर ही विकास कार्य किये है जमीन पर शून्य है जहाँ देखो वहां सिर्फ भ्रष्टाचार ही भ्रष्टाचार है।

# बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने मनाया अपना 89 वां स्थापना दिवस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने पूरे भारत की सभी शाखाओं मैं दिनांक 16 सितम्बर 2023 को अपना 89 वां स्थापना दिवस मनाया गया ,प्रधान कार्यालय पुणे में सम्पन्न गरिमा मयी कार्यक्रम को डिजिटल माध्यम के द्वारा देश भर की सभी शाखाओ और अंचल कार्यालयो में प्रसारित किया गया। इस उपलक्ष्य में बैंक के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ श्री ए एस राजीव और कार्यपालक निदेशक श्री विजय कुमार और श्री आशीष पाण्डेय जी ने अपने उद्बोधन से सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को शुभकामनाएं व्यक्त की।**

इस कार्यक्रम में विभिन्न सुविधाओं हेतु अनेक डिजिटल प्रोडक्टस लॉच किए गए जिसमें बैंक ने डिजिटिलाईजेसन की ओर एक और बड़ा कदम उठाया है। बैंक से संबंधित सभी सुविधाएं ग्राहकों तक डिजिटल माध्यम से त्वरित उपलब्ध कराना तथा अन्य अनेक डिजिटल एप्लिकेशन का अनावरण इस कार्यक्रम के माध्यम से किया गया।

बैंक ऑफ महाराष्ट्र इंदौर स्थित अंचल कार्यालय में भी 89वाँ स्थापना दिवस मनाया गया` इस समारोह मे बैंक ऑफ महाराष्ट्र के अंचल प्रमुख श्री एम सत्यनारायणा ने सभी उपस्थित सम्मानीय जन, बैंक के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शुभकामनाए व्यक्त की और बताया कि बैंक दिनों दिन सफलता के नये आयाम स्थापित कर रहा है । इस वर्ष भी बैंक पिछले 2 वित्तीय वर्षो के उल्लेखनीय प्रदर्शन को जारी रखते हुए वित्तीय वर्ष 2023-24 की प्रथम तिमाही में भी नए कीर्तिमान स्थापित किए है और जल्द ही बैंक वित्तीय वर्ष 2023-24 के चतुर्थ तिमाही तक 5 लाख करोड़ से अधिक व्यवसाय को प्राप्त करने के लिए तत्पर होगा जिससे सभी कर्मचारी गण गर्व अनुभव करेंगे। अंचल प्रबन्धक श्री सत्यनारायणा जी ने बताया कि बैंक ऑफ महाराष्ट्र आज व्यवसाय वृद्धि की दृष्टि से नंबर पर है जिसका श्रेय बैंक के सभी ग्राहकों एवं शुभचिंतको की जाता है। बैंक आगे भी सर्वोत्तम ग्राहक सेवा प्रदान करने के लिए कटिबद्ध है एवं समाज के सभी वर्गों के लिए बैंक के पास अनेकों योजनाएं उपलब्ध है, जिससे बैंक का एक परिवार एक बैंक का नारा साकार होता है।

## भारतीयों को दिल का दौरा पड़ने का खतरा तीन गुना अधिक : डॉ. जैन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। कार्डियोवैस्कुलर डिजीज (सीवीडी - हार्ट मै ब्लॉकेज) ग्लोबल लेवल पर मृत्यु का प्रमुख कारण है। अनुमानतः सीवीडी , से प्रतिवर्ष 17.9 मिलियन लोगों की मृत्यु होती है, जो कि ग्लोबल लेवल पर होने वाली सभी मौतों का 32त्न है। इनमें से 85त्न मौतें दिल के दौरे और स्ट्रोक के कारण होती हैं, यह बात इंदौर स्थित सीनियर कंसल्टेंट इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. राकेश जैन ने विश्व हृदय दिवस पर जानकारी देते हुए कही, जो हर साल 29 सितंबर को मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य हृदय रोग के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ाना, इसकी की गंभीरता को समझाना और इसके भविष्य के दुष्प्रभावों को रोकने के लिए उचित समय पर प्रिवेंटिव उपायों को लागू करना है। डॉ. जैन ने कहा कि वेस्टर्न पॉपुलेशन की तुलना में एशियाई भारतीयों में हार्ट मै ब्लॉकेज की संभावना 3 गुना अधिक है और हार्ट मै ब्लॉकेज (कोरोनरी आर्टरी डीजिज रोग) के कारण मृत्यु का जोखिम 20-50त्न अधिक है। हम भारतीयों के लिए, सीवीडी में चिंता का कारण कम उम्र में इसका शिकार होना, तेजी से प्रगति, बार-बार अस्पताल में भर्ती होना औरउच्च मृत्यु दर है।



कांग्रेस के थीम सॉन्ग पर विवाद

# भाजपा ने कहा- इसे पाकिस्तान से चुराया, कांग्रेस ने यही आरोप राजस्थान भाजपा पर लगाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में कांग्रेस कल यानी मंगलवार से जन आक्रोश यात्रा निकालने वाली है, लेकिन इससे पहले ही यात्रा के थीम सॉन्ग को लेकर विवाद हो गया है। बीजेपी ने कांग्रेस के ह्यचलो चलो, कांग्रेस के संग चलो सॉन्ग को लेकर सवाल खड़े किए हैं। आरोप लगाया है कि कांग्रेस ने पाकिस्तान की इमरान खान की पार्टी ह्यपाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ का थीम सॉन्ग चुराया है।

पलटवार में कांग्रेस ने कहा- हमारे प्रचार अभियान के सिर्फ एक गीत से ही भाजपा बौखला गई है। कांग्रेस ने कहा है कि राजस्थान में भी ऐसा ही गाना आपके प्रचार अभियान का हिस्सा रहा है, वे किस गंदे चेहरे से कांग्रेस पर आरोप लगा रहे हैं?

मध्य प्रदेश कांग्रेस ने दो दिन पहले ही जन आक्रोश यात्रा का थीम सॉन्ग लॉन्च किया है। इसे लेकर सोमवार को गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा, ह्यदिग्विजय सिंह को पाकिस्तान से इतना प्रेम है कि यात्रा का थीम सॉन्ग चलो-चलो भी उन्होंने वहीं से ले लिया। ह्यचचाजान पाकिस्तान से चुरा लाए थीम सॉन्ग।

**चलो चलो... के बहाने पूर्व की कांग्रेस सरकार पर तंज-** गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने गाने में इस्तेमाल किए गए चलो-चलो शब्द को लेकर 2018 में बनी कांग्रेस की सरकार पर भी तंज कसा। कहा- इस चलो-चलो में उनके विधायक चले गए। चली गई उनकी सरकार। इस बार भी इनका जाने का समय आ गया है।

**कांग्रेस ने शेयर किया राजस्थान बीजेपी का थीम सॉन्ग-** पीसीसी चीफ कमलनाथ के मीडिया सलाहकार पीयूष बबेले ने भाजपा को जवाब दिया। उन्होंने राजस्थान भाजपा का थीम सॉन्ग शेयर किया। इस सॉन्ग में भी चलो-चलो... का उपयोग किया गया है। पीयूष बबेले ने सोशल मीडिया पर लिखा- भाजपा का एक ही मंत्र है चोरी और सीनाजोरी। पाकिस्तान के इमरान खान का गाना हरियाणा की भाजपा सरकार के उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कॉपी किया है। डॉ. नरोत्तम मिश्रा फिल्म विशेषज्ञ हैं। दोनों गाने सुनो और बताओ इतनी पाकिस्तान परस्ती कहां से लाते हो।

**केके मिश्रा बोले- कांग्रेस के एक गीत से भाजपा बौखलाई-** कांग्रेस मीडिया प्रमुख केके मिश्रा ने कहा- कांग्रेस के प्रचार अभियान के मात्र एक गीत से भाजपाई बौखला गए हैं। वे पाकिस्तान की बात कर रहे हैं, जिनके मुखिया अपने शपथ समारोह में पाक को आमंत्रित करते हैं। बिन बुलाए बिरयानी खाने जाते हैं। जिन्ना की मजार पर फूल पेश करते हैं। पाक के नाम का दुरुपयोग कर चुनावी लाभ के लिए हमारे सैनिकों की शहीदी करवाते हैं। डीआरडीओ में पदस्थ भाजपाई पदाधिकारी पाक खुफिया एजेंसी आईएसआई की तरफ से जासूसी करते हुए गिरफ्तार होते हैं।

उन्होंने कहा, हैदराबाद में जिनके विधायक खुद पाकिस्तान की नकल पर अपना प्रचार गाना सार्वजनिक करते हैं। वे किस गंदे चेहरे से कांग्रेस पर आरोप लगा रहे हैं? जल्दबाजी में कुछ कहने के पहले भाजपा वालों को अपनी पार्टी और नेताओं का चरित्र देख लेना चाहिए। गर्म-गर्म पीने से अपनी ही जुबान जला लेना इन पाखंडियों की आदत में शुमार है।

**नरोत्तम छपास की बीमारी से पीड़ित-सुरजेवाला-** नरोत्तम मिश्रा के आरोपों पर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा कि वे लड़कियों के कपड़े, हीरोइन की ड्रेस, फिल्मों के गाने देखते हैं, क्योंकि, वह कानून व्यवस्था देखते नहीं हैं। वह सुर्खियों में रहने के लिए ऐसा करते हैं, वह छपास की बीमारी से पीड़ित हैं। सुरजेवाला ने कहा- शिवराज जी, अभी तो फिल्म का ट्रेलर आया, फिल्म शुरू होनी है। जो मध्य प्रदेश के लोग दिखाएंगे। गाने से ही डर गए, क्योंकि इन्हें भारतीय परंपरा कुर्बानियों की जानकारी नहीं है।

**भाजपा के मीडिया प्रभारी भी आए मैदान में-** भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने भी कांग्रेस पर निशाना साधते हुए सोशल मीडिया पर लिखा- जो आतंकवादियों को जी लगाते हो, तारीफ के कसीदे पढ़ते हो, जिनका जिन्ना प्रेम छलकता हो, उनसे और उम्मीद भी क्या की जा सकती है? देखिए, कांग्रेस का पाकिस्तान प्रेम एमपी में चुराया पीटीआई थीम सॉन्ग...।

**दो दिन पहले हुआ था थीम सॉन्ग लॉन्च-** 16 सितंबर को जन आक्रोश यात्रा की पत्रकार वार्ता में रणदीप सुरजेवाला, कमलनाथ, नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह व अन्य कांग्रेसी नेताओं की उपस्थिति में यह थीम सॉन्ग ह्यचलो चलो कांग्रेस के साथ चलो लॉन्च किया गया था। इस थीम सॉन्ग में मध्यप्रदेश के नागरिकों से कांग्रेस को जिताने की अपील की गई है, साथ ही बीजेपी सरकार पर जमकर निशाना भी साधा गया है।

केजरीवाल बोले


## मध्यप्रदेश से कांग्रेस-भाजपा को उखाड़ फेंको

### कहा- भाजपा बौखलाई, इन्हें सत्ता प्यारी ये देश बेच देंगे; जनता को दी 10 गारंटी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रीवा** । आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपनी ही पार्टी के गठबंधन क.ठ.ऊ.क.अ के सदस्य कांग्रेस पर हमला बोला है। उन्होंने कहा, ह्यआप के आने से पहले दिल्ली में दो पार्टियां थीं। दोनों में अच्छी सेटिंग थी- एक बार तुम राज करो, एक बार हम राज करें। एक बार तुम लूटो, एक बार हम लूटें। उन्होंने आगे कहा, ह्यमध्यप्रदेश में भी दो पार्टियां हैं- कांग्रेस और बीजेपी। एक बार इन्हें उखाडक़र फेंक दो। मैं वादा करता हूं कि दोनों पार्टियों को भूल जाओगे। दिल्ली-पंजाब के स्कूल और अस्पतालों का जिक्र करते हुए केजरीवाल ने कहा, ह्यकिसी पार्टी में ऐसे स्कूल-अस्पताल बनाने की हिम्मत नहीं। इनकी नीयत खराब है। ये कभी आपके परिवार-बच्चों के लिए काम नहीं करेंगे। दारू और पैसे से आपके वोट खरीदेंगे। केजरीवाल ने ये बातें सोमवार को रीवा में पार्टी की महारैली में कहीं। मंच से केजरीवाल ने जनता को 10 गारंटी दीं। कार्यक्रम में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और पार्टी की मध्यप्रदेश अध्यक्ष व सिंगरौली की महापौर रानी अग्रवाल भी शामिल थे।

इससे पहले केजरीवाल और मान 20 अगस्त को सतना जिले में आयोजित आमसभा में शामिल होने के लिए आए थे। वे 14 मार्च 2023 को भोपाल भी आ चुके हैं। बता दें कि आप मध्यप्रदेश विधानसभा की सभी 230 सीटों पर प्रत्याशी उतारने का ऐलान कर चुकी है।



# संपादकीय

## शिल्पकारों का मान-सम्मान, छोटे कामगारों की होगी तरक्की

कारीगर और शिल्पकार हजारों वर्षों से देश की समृद्धि का मूल आधार रहे हैं। प्रशिक्षण, प्रौद्योगिकी और आधुनिक उपकरण इनके काम को आसान बनाते हैं। मगर ये अकुशल, अप्रशिक्षित होते हैं तो इनका काम ही नहीं, तरक्की के रास्ते भी बंद होते हैं। केंद्र सरकार ने ऐसे ही शिल्पकारों और कारीगरों को उबारने, बाजार से प्रतिस्पर्धा करने लायक और इनके काम को बेहतर बनाने के लिए प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की शुरुआत की है। यह योजना मूल रूप से धोबी, बढ़ई, कुम्हार, दर्जी, मछुआरे, नाई, सुनार, लुहार, हलवाई, मोची, मूर्तिकार आदि तबकों को ध्यान में रख कर लाई गई है। ये ऐसे लोग हैं जिनके लिए आज की प्रतिस्पर्धी दुनिया में आजीविका कमाना बहुत मुश्किल हो गया है, लेकिन इनके बिना हमारी जरूरतें भी पूरी नहीं होतीं। गांवों में तो बढ़ई, लुहार, टोकरी बुनने वाले जैसे तमाम कारीगरों के बिना किसी का काम ही नहीं चल पाता। इस योजना की शुरुआत करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा भी कि जैसे शरीर में रीढ़ की हड्डी की भूमिका होती है, ठीक वैसे ही हमारी जिंदगी में विश्वकर्मा यानी दस्तकारों, कारीगरों और शिल्पकारों की अहमियत होती है। मगर जितना मुश्किल इन कारीगरों के बिना हमारी रोजमर्रा की जिंदगी है, उतना ही कष्टकारी हो चला है इनका जीवन। अकुशलता, कच्चे माल की कमी, उपयुक्त बाजार न मिलना और मशीनों से बने सामान से प्रतिस्पर्धा जैसे कारकों के चलते ये कारीगर और शिल्पकार आज लगभग हाशिये पर पहुंच गए हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए योजना के पहले चरण में कारीगरों को प्रशिक्षण देने और फिर उन्हें अपना काम शुरू करने, उपकरण खरीदने के लिए पंद्रह हजार रुपए का अनुदान देने का प्रावधान है। प्रशिक्षण पूरा होने पर एक प्रमाण-पत्र मिलेगा, जिससे वे मान्यता प्राप्त शिल्पकार का दर्जा हासिल कर लेंगे। दूसरे चरण में उन्हें व्यवसाय शुरू करने के लिए पहले एक लाख और फिर दो लाख यानी कुल तीन लाख रुपए तक का ऋण दिया जाएगा। उसे प्रतिस्पर्धी बनाने, आज के युग के हिसाब से काम करने के लिए आधुनिक प्रौद्योगिकी का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। इस योजना से स्वाभाविक ही उम्मीद बनती है कि बहुत सारे अकुशल लोगों को भी स्वावलंबन की दिशा मिलेगी।

**अर्ज किया है..!**

*कुछ यू बीती है*
*सन्नाटो में रात मेरी...*
*मैं ही बैठ कर*
*सुनता रहा बात मेरी....*




**अगर आपका लक्ष्य बड़ा हो और उस पर हंसने वाले कोई न हो। तो समझना की अभी आपका लक्ष्य बहुत छोटा है।**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## धर्म-कर्म

# गणेश चतुर्थी... इस बार 300 साल बाद 2 विशेष योग...



**इस साल गणेश चतुर्थी पर लगभग 300 साल बाद विशेष संयोग का निर्माण हो रहा है। आपको बता दें कि इस बार गणेश चतुर्थी पर ब्रह्म योग और शुक्ल योग जैसे शुभ योग बन रहे हैं, जो पंचांग के अनुसार लगभग 300 साल बाद बन रहे हैं।**

शास्त्रों के अनुसार धार्मिक या मागंलिक कार्यक्रम शुरू करने से पहले सर्वप्रथम गणेश जी की पूजा करने का विधान है। वहीं इस साल गणेश चतुर्थी का पर्व 19 सितंबर को मनाया जाएगा। वैदिक पंचांग के अनुसार भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि के दिन भगवान गणेश का जन्म हुआ था। इस दिन कई लोगों के घरों में गणेशजी विराजमान करते हैं और यह पर्व 10 दिनों तक चलता है। वहीं मान्यता है जो भी भक्त सच्चे मन से इन 10 दिनों तक गणेश जी की पूजा- अर्चना करता है उसके सभी विघ्नों से भगवान गणेश मुक्त करते हैं। वहीं इस बार 300 साल बाद 2 विशेष योग बन रहे हैं, जिससे इस दिन का महत्व और भी बढ़ गया है। वैदिक पंचांग के अनुसार इस साल भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि का आरंभ 18 सितंबर 2023 को दोपहर 02 बजकर 10 मिनट से हो रहा है और 19 सितंबर 2023 को दोपहर 03 बजकर 12 मिनट पर चतुर्थी तिथि पर खत्म हो रही है ऐसे में उदयातिथि के अनुसार गणेश चतुर्थी और 10 दिनों तक चलने वाले गणेशोत्सव की शुरुआत 19 सितंबर को होगी। इस दिन सुबह जल्दी स्नान कर लें और साफ सुथरे वस्त्र पहन लें। साथ ही शुभ मुहूर्त को ध्यान मे रखकर सबसे पहले अपने घर के उत्तर भाग, पूर्व भाग अथवा पूर्वोत्तर भाग में गणेश जी की प्रतिमा स्थापित करें। साथ ही इसके बाद धूप, अगरबत्ती और दीपक जलाएं। साथ ही नवग्रह, बनाएं। चौकी के पूर्व भाग में कलश रखें। साथ ही कलश में आम के पत्ते डालें। वहीं गणेश को दुर्वा चढ़ाएं और भगवान गणेश को मोदक बेहद प्रिय है। इसलिए गणेश जो बेसन के बने मोदक का भोग लगाएं। इसके गणेश जी आरती करें और फिर प्रसान को घर के सभी सदस्यों में वितरित कर दें। पुराणों के अनुसार गणेश चतुर्थी के दिन शंकर और पार्वती माता के पुत्र गणपति जी का जन्मोत्सव मनाया जाता है। गणेश उत्सव में 10 दिन तक गणेश जी की विधिवत पूजा अर्चना करता है उसके सभी कार्य सिद्ध हो जाते हैं। वहीं एक पौराणिक कथा के अनुसार महर्षि वेदव्यास जी ने महाभारत की रचना के लिए गणेश जी का आह्वान किया था। व्यास जी श्लोक बोलते गए और गणपति जी बिना रुके 10 दिन तक महाभारत को लिपिबद्ध लिखते गए। दस दिन में गणेश जी पर धूल मिट्टी की परत जम गई। 10 दिन बाद यानी की अनंत चतुर्दशी पर गणेश जी ने सरस्वती नदी में स्नान कर खुद को स्वच्छ किया, उसके बाद से ही दस दिन तक गणेश उत्सव मनाया जाने लगा। गणेश उत्सव के दौरान लोग ढोल नगाड़ों के साथ बड़ी ही धूमधाम से गणपति को अपने घर लाते हैं। पूरे गणेश उत्सव के दिनों में चारों ओर गणपति के नाम का उद्घोष सुनाई पड़ता है। गणेश उत्सव का पर्व हिन्दू धर्म के प्रमुख त्योहारों में से एक है। गणेश जी बुद्धि और शुभता के देवता हैं। उन्हें विघ्नहर्ता भी कहा जाता है, उनका हर नाम बहुत चमत्कारी है। कहा जाता है कि जहां पर गणपति विराजते हैं वहां हर समय सुख-समृद्धि रहती है।

## Highlights

1. Lord Ram came in my dream, said 'People are selling me': Bihar MLA
2. Clip shows 2 threatening man with gun after bike hits car in Delhi
3. Which veteran MPs have been invited to speak at new Parliament?
4. Women's reservation bill likely to be rolled out in 2029: Report
5. Take prompt action against all anti-India elements on your soil: India to Canada
6. Sonia Gandhi shown as 'goddess' in posters in Telangana

# Good news for LIC agents, employees as Centre approves welfare measures. Check details

**New Delhi, (Agency).** The finance ministry on Monday unveiled a series of welfare measures for the benefit of agents and employees of the Life Insurance Corporation of India (LIC). According to a statement by the ministry, the measures are related to the amendments to LIC (Agents) Regulations, 2017, enhancement of the gratuity limit, and uniform rate of family pension among others.

"More than 13 lakh agents and more than 1 lakh regular employees, who play a pivotal role in the growth of LIC and deepening of insurance penetration in India, will benefit from these welfare measures," the ministry said in the statement.

List of LIC measures approved by finance ministry:

Enhanced gratuity: According to an official release, there will be an enhancement of the gratuity limit to ₹5 lakh from the current 3 lakh for the LIC agents. This will bring substantial improvements to the working conditions and benefits of LIC agents, the ministry said.




Eligibility for renewal commission: In order to provide the LIC employees and agents with increased financial stability, the finance ministry has enabled all reappointed agents to be eligible for renewal commission. Currently, LIC agents are not eligible for renewal commission on any business completed under the old agency.

Expanding term insurance cover: The ministry has expanded the term insurance cover for the LIC agents and employees from the existing range of ₹3,000-10,000 to ₹25,000-1,50,000. According to the ministry, this enhancement in term insurance will significantly benefit the families of deceased agents, offering them a more substantial welfare benefit.

Family pension at a uniform rate: The government has introduced the family pension at a uniform rate of 30 percent for the welfare of the families of the LIC employees.

LIC presents dividend cheque to Nirmala Sitharaman

On Thursday, the LIC presented a dividend cheque of ₹1,831.09 crore to finance minister Nirmala Sitharaman. In a picture posted by the finance minister's office on X, formerly known as Twitter, LIC chairman Siddhartha Mohanty can be seen presenting the dividend cheque as the government's share of dividend in the presence of department of financial services additional secretary MP Tangirala.

# Panos Panay's legacy at Microsoft: Expansive Surface line-up complements Windows

**MUMBAI, (Agency).** A long-time executive at Microsoft, is about to exit the company. Panos Panay, after 19 years at the tech giant, will be departing in the coming weeks. It comes across as a somewhat abrupt departure, the timing of the announcement in particular, just two days ahead of the company's annual Surface keynote. Panay, who leaves as





EVP and Chief Product Officer, was spearheading the Surface computing device efforts for the past many years. Yusuf Mehdi, who is Corporate Vice President, Modern Life, Search, and Devices at Microsoft, will take over the role. It will mean getting straight into the thick of the action for Mehdi, with the next line-up of Microsoft's Surface computing devices, set for a public unveil later this week. After that, focus will likely shift to the next big update for the Windows operating system (can we speculate it'll be called Windows 12?) which may release next year. alongside, Microsoft's extensive focus on AI products, for enterprises and consumers.

"After 19 incredible years at Microsoft, I've decided to turn the page and write the next chapter. I'm forever grateful for my time at Microsoft and the amazing people I had the honor to make products with," Panay wrote in a post on X.

New Delhi

# 'सेक्स के बिना शादी अभिशाप... जीवनसाथी का जानबूझकर यौन संबंध से इनकार करना क्रूरता'

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा कि जीवनसाथी का जानबूझकर यौन संबंध बनाने से इनकार करना क्रूरता है और यौन संबंध के बिना शादी एक अभिशाप है। हाईकोर्ट ने परिवार अदालत द्वारा एक दंपती को सुनाए गए तलाक के आदेश को बरकरार रखा है, जिनकी शादी प्रभावी रूप से बमुश्किल 35 दिन तक चली। अदालत ने कहा कि रिकॉर्ड पर मौजूद सबूतों से यह साबित होता है कि पत्नी ने शादी को संपूर्ण नहीं किया।

जस्टिस सुरेश कुमार कैत और जस्टिस नीना बंसल कृष्णा की बेंच ने तलाक देने के परिवार अदालत के आदेश के खिलाफ पत्नी की अपील को खारिज करते हुए कहा कि हाईकोर्ट ने एक मामले में फैसला सुनाया है कि ''सेक्स संबंध के बिना शादी एक अभिशाप है'' और ''यौन संबंधों में निराशा किसी विवाह में काफी घातक स्थिति है।''



वर्तमान मामले में, अदालत ने कहा कि पत्नी के विरोध के कारण विवाह संपूर्ण ही नहीं हुआ। अदालत ने कहा कि महिला ने पुलिस में यह भी शिकायत दर्ज कराई थी कि उसे दहेज के लिए परेशान किया गया, जिसके बारे में कोई ठोस सबूत नहीं था। अदालत ने कहा कि इसे भी क्रूरता कहा जा सकता है।

बेंच ने 11 सितंबर के अपने आदेश में कहा है एक मामले में हाईकोर्ट ने कहा था कि जीवनसाथी का जानबूझकर यौन संबंध बनाने से इनकार करना क्रूरता है, खासकर जब दोनों पक्ष नवविवाहित हों और यह तलाक देने का आधार है।

अदालत ने महिला द्वारा ससुराल में बिताई गई अवधि का जिक्र करते हुए कहा कि मौजूदा मामले में, दोनों पक्षों के बीच विवाह न केवल बमुश्किल 35 दिन तक चला, बल्कि वैवाहिक अधिकारों से वंचित होने और विवाह पूरी तरह संपूर्ण न होने के कारण विफल हो गया।

Punjab

## पाकिस्तानी ISI को खुफिया जानकारियां दे रहा था सेना का जवान, मोबाइल फोन से खुले बड़े राज; ऐक्शन में आर्मी

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** पंजाब पुलिस ने बीते सप्ताह सेना के एक जवान को गिरफ्तार किया था। उसपर आरोप है कि वह एक ड्रग स्मग्लर के साथ मिलकर पाकिस्तानी आईएसआई के लिए काम कर रहा था। उसने चंडीमंदिर स्थित पश्चिमी कमांड हेडक्वार्टर से सेना के बारे में कई खुफिया जानकारियां निकालकर ड्रग तस्कर को दी थी। आरोपी सिपाही का नाम मनप्रीत शर्मा हैष पटयाला पुलिस ने उसे भापाल से गिरफ्तार किया था जहां वह स्ट्राइक कोर में पोस्टेड था।

सूत्रों का कहना है कि वह पहले वेस्टर्न कमांड में काम करता था और उसके पास कई कंप्यूटरों का भी ऐक्सेस था। इसी दौरान उसने खुफिया जानकारियों को जुटा लिया और एक ड्रग तस्कर अमरीक सिंह को दे दीं। पटियाला पुलिस के साथ मिलकर आर्मी इस बात की जांचपड़ताल करने में लगी है कि आखिर कौन सी जानकारियां लीक की गई है। इसके अलावा जवान को कंप्यूटर का ऐक्सेस कैसे मिला। जानकारी के मुताबिक बीते कई दिनों से आर्मी के वेस्टर्म कमांड में सारे कंप्यूटरों और इसके अलावा डिस्क, पेनड्राइव में स्टोर डेटा का ऑडिट किया जा रहा है।

Uttarpradesh

## भगवान श्री कृष्ण की 1 करोड़ की मूर्ति बरामद, पांच तस्कर गिरफ्तार

**देवरिया, (एजेंसी) उत्तर प्रदेश के देवरिया में पुलिस ने भगवान श्री कृष्ण की एक विशिष्ट धातु की मूर्ति को बरामद किया है. इसकी कीमत करीब एक करोड़ रुपये है. बताया जा रहा है कि पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान मूर्ति को बरामद किया. साथ ही पुलिस ने इस मामले में पांच तस्करों को भी गिरफ्तार किया है. आरोपी गाजियाबाद में मूर्ति को बेचने जा रहे थे.**

जानकारी के मुताबिक, सोमवार को देवरिया जनपद के सलेमपुर नदावर पुल के पास पुलिस वाहन चेकिंग अभियान चला रही थी. इस दौरान पुलिस को संदिग्ध रूप से आजमगढ़ की एक इनोवा गाड़ी दिखाई दी. इसके बाद पुलिस ने गाड़ी रोककर उसकी तलाशी ली. इस दौरान पुलिस ने गाड़ी से भगवान कृष्ण की एक विशिष्ट धातु की मूर्ति को बरामद किया. साथ ही पुलिस ने पांच तस्करों को भी गिरफ्तार किया.

Uttarakhand

## पंखे से लटका मिला आठवीं के छात्र का शव, ट्यूशन जाने के लिए दबाव बनाने से था नाराज

**ऋषिकेश, (एजेंसी)** ऋषिकेश में कक्षा आठवीं के 14 वर्षीय छात्र ने स्कूल से घर जाकर अपने कमरे में पंखे से लटक कर फांसी लगा ली। परिजन बेटे को अचेत अवस्था में लेकर एम्स पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद छात्र को मृत घोषित कर दिया। फिलहाल पुलिस ने पंचायतनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। घटना के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। एम्स चौकी प्रभारी मनवर सिंह नेगी ने बताया कि छात्र सिद्धार्थ कैंतुरा गंगानगर हनुमंतपुरम का रहने वाला था। वह स्कूल से छुट्टी होने के बाद घर पहुंचा। जिसके बाद सिद्धार्थ ने ट्यूशन जाने से मना कर दिया और वह टीवी देखने लगा। इस दौरान पिता ने सिद्धार्थ को ट्यूशन जाने के लिए दबाव बनाया। जिससे नाराज होकर सिद्धार्थ अपने कमरे में चला गया। कुछ देर तक सिद्धार्थ के कमरे से कोई आवाज नहीं आने पर परिजन कमरे में पहुंचे तो दरवाजा अंदर से बंद था। रोशनदान से झांक कर देखा तो बेटा पंखे से लटका हुआ दिखाई दिया। दरवाजा तोड़कर परिजनों ने बेटे को फांसी के फंदे से नीचे उतारा और उसे लेकर एम्स पहुंचे।

खेल

Hockey Rankings

## एक साल बाद शीर्ष तीन में पहुंची भारतीय पुरुष टीम, महिलाओं को भी एक स्थान का फायदा

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** भारतीय पुरुष हॉकी टीम सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) की नवीनतम विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। भारत (2771) मई 2022 में बाहर होने के बाद एक साल से अधिक समय के बाद शीर्ष तीन टीमों में वापस आया है। पिछले महीने चेन्नई में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2023 में टीम इंडिया अजेय रही थी। भारत ने सात में से छह मैच जीते थे, जबकि एक मुकाबला ड्रॉ रहा था। इसी शानदार प्रदर्शन के चलते टीम इंडिया को रैंकिंग में बड़ा फायदा हुआ है। इंग्लैंड की टीम शीर्ष तीन से बाहर हो चुकी हैं। इंग्लैंड के पास 2745 अंक हैं। यह टीम फाइनल में नीदरलैंड से 1-2 से हार गई थी और यूरो हॉकी खिताब जीतने से चूक गई थी। फाइनल में अपनी मजबूत स्थिति के बावजूद, टूर्नामेंट में पहले बेल्जियम के खिलाफ हार



और फाइनल में हार के साथ-साथ भारत की लगातार जीत के कारण इंग्लैंड चौथे स्थान पर खिसक गया।

नीदरलैंड ने यूरो हॉकी चैंपियनशिप में शानदार खेल दिखाते हुए अपने खिताब की रक्षा की और चैंपियन बनने के साथ ही शीर्ष स्थान पर अपनी जगह और मजबूत कर ली। नीदरलैंड के पास 3113 अंक हैं। यह टीम इस साल एफआईएच हॉकी प्रो लीग खिताब और 2023 एफआईएच हॉकी विश्व कप में कांस्य पदक हासिल कर चुकी है। नीदरलैंड्स के प्रभुत्व ने उन्हें दूसरे स्थान पर मौजूद बेल्जियम पर अच्छी बढ़त दिला दी है। बेल्जियम के पास 2989 अंक हैं। जर्मनी 2689 अंक के साथ पांचवें और ऑस्ट्रेलिया 2544 अंक के साथ छठे स्थान पर है। अर्जेंटीना एक स्थान ऊपर चढ़कर 2350 अंकों के साथ सातवें स्थान पर आ गया है। वहीं, स्पेन की टीम 2347 अंक के साथ आठवें स्थान पर हैं।

महिलाओं की रैंकिंग में, नीदरलैंड (3422) शीर्ष स्थान पर है, ऑस्ट्रेलिया (2818) दूसरे और अर्जेंटीना (2767) तीसरे स्थान पर है। हालाँकि, बेल्जियम (2609) का यूरो हॉकी चैंपियनशिप में शानदार अभियान रहा और उसने रजत पदक जीता जिससे वह जर्मनी (2574) से आगे हो गया क्योंकि दोनों टीमें विश्व रैंकिंग में चौथे और पांचवें स्थान पर हैं।

भारतीय महिला टीम को एक स्थान का फायदा हुआ है और 2325 अंक के साथ सातवें स्थान पर आ गई है। स्पेन 2173 अंक के साथ आठवें स्थान पर है। न्यूजीलैंड (2001) और जापान (1900) अपने नौवें और 10वें स्थान पर बने हुए हैं, चीन (1894) जापान से थोड़ा पीछे 11वें स्थान पर है।

सिनेमा

## साउथ के स्टार एक्टर विजय एंटनी की बेटी ने की आत्महत्या, घर में फांसी लगाकर दी जान



साउथ इंडियन सिनेमा के मशहूर एक्टर और म्यूजिक डायरेक्टर विजय एंटनी की बेटी मीरा ने अपने घर पर फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया है। ट्रेड विशेषज्ञ मनोबाला विजयबालन ने यह जानकारी अपने माइक्रोब्लॉगिंग अकाउंट से ट्वीट करके शेयर की है। विजय के लिए उनकी 16 साल की बच्ची का यूं अचानक चले जाना किसी भयानक सदमे से कम नहीं है। एक्टर के शुभचिंतक और फैंस उनके साथ इस मुश्किल घड़ी में खड़े हैं।

सोशल मीडिया पर अभी तक ढेरों पोस्ट और ट्वीट किए जा चुके हैं जिनमें लोगों ने विजय से हिम्मत रखने के लिए कहा है। 'इंडिया पाकिस्तान', 'नांबियार', 'अन्नादुरई', 'कोलाई' और 'सलीम' जैसी फिल्मों का हिस्सा रह चुके एक्टर विजय एंटनी की बेटी ने आज रात 3 बजे खुद को फंदे पर लटका दिया जिसके बाद आनन-फानन में उन्हें हॉस्पिटल ले जाया गया। अस्पताल में विजय की बेटी को मृत घोषित कर दिया गया।

जानकारी के मुताबिक रात के 3 बजे जब विजय अपनी बेटी को देखने उसके कमरे में गए तो उन्होंने उसे फांसी के फंदे पर झूलता पाया। एक पिता होने के नाते उनके हाथ-पांव फूल जाना स्वाभाविक था, विजय स्टाफ की मदद से बेटी को हॉस्पिटल लेकर गए जहां उन्हें डॉक्टरों ने बेटी के गुजर जाने की बात बताई।

## माता-पिता से नाराज होकर सागर पहुंची छात्रा

◆ पुलिस ने लोकेशन निकाली, होस्टल पहुंचकर परिवार से मिलाया

**इंदौर**। परदेशीपुरा में रहने वाली एक नाबालिग छात्रा अपने माता-पिता से नाराज होकर सागर चली गई। परिवार ने पुलिस को जानकारी दी। मोबाइल और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने उसे ढूंढ निकाला और परिवार के सुपुर्द किया। परदेशीपुरा टीआई पंकज द्विवेदी के मुताबिक कुलकर्णी नगर में रहने वाली चौदह साल की छात्रा देर रात करीब डेढ़ बजे घर से निकल गई। परिवार ने यहां-वहां ढूंढने के बाद तत्काल थाने पर शिकायत की। पुलिस ने जानकारी निकाली तो पता चला कि वह सागर की ट्रेन में बैठकर गई है। इसके बाद पुलिस ने लगातार जानकारी इकट्ठा की। इसमें पता चला कि वह सागर के अमन गर्ल्स होस्टल में अपनी परिचित के पास रूकी है। इस मामले में एसआई राम बट्टी ने परिवार को साथ लिया ओर करीब 48 घंटे में बच्ची को सकुशल ढूंढकर उसके परिवार के सुपुर्द कर दिया।

## साइबर अपराधों के प्रति किया जागरूक

**इंदौर**। पुलिस द्वारा साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिये इसके प्रति लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से लगातार कार्यशालाएं आयोजित कर रही है। सोमवार को एडिशनल डीसीपी क्राइम राजेश दंडोतिया इंटरनेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ फैशन डिजाइनिंग में पहुचे और स्टूडेंट्स को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया। कार्यशाला में करीब 250 स्टूडेंट्स को वर्तमान समय के साइबर अपराधों के प्रकारों और इनसे बचने के तरीकों को बताते हुए दंडोतिया ने सभी स्टूडेंट्स से कहा कि जिस प्रकार आप छोटी-छोटी बातों का ध्यान रख बेस्ट डिजाइंस बनाते हैं, उसी प्रकार छोटी-छोटी सावधानी और जानकारी रख अपनी डिजिटल लाइफ में साइबर अपराधों से बचाव कर सकते हैं। उन्होंने सभी को डिजिटली काम करने के दौरान पूर्ण सावधानी रखने और अपनी निजी जानकारी किसी भी अनजान व्यक्ति से शेयर ना करने की समझाईश दी।

## रुपयों के लेनदेन में युवक पर हमला

**इंदौर**। रुपयों लेन देन की बात पर हुए विवाद में दो आरोपियों ने युवक पर हमला कर घायल कर दिया। थाना लसूडिया पुलिस के मुताबिक फरियादी मनीष पिता बालचंद्र कोरी निवासी फोनिक्स टाउनशिप की रिपोर्ट पर आरोपी हेमंत दिनकर और नीरज दिनकर निवासी मांगलिया के खिलाफ केस दर्ज किया गया। फरियादी ने पुलिस को बताया कि उसने आरोपी से गोदाम फेब्रिकेशन का काम 25 रूपए वर्ग फीट के हिसाब से करना तय हुआ था। 9 हजार 500 रूपए एडवांस लिए थे और शेष राशि काम होने के बाद देने को कहा था। आरोपी हेमंत व उसका भाई नीरज मेरे घर आए और हिसाब किताब और भाव की बात को लेकर विवाद किया। मैंने कहा कि मुझे मेरा हिसाब कर पैसे दे दो तो दोनों ने गालियां दी और मारपीट की। मेरे भाई को भी पीटा। मुझे दातों से काट लिया। फिर धमकाकर चले गए।

### यहां भी रुपयों को लेकर मारपीट

उधर, विजयनगर इलाके में भी रुपयों के लेन देन की बात पर हुए विवाद में पिता पुत्र ने दुकानदार पर छाते से हमला कर दिया और लात घूसों से पीटा। पुलिस के मुताबिक मारपीट की घटना फरियादी श्रवण कुमार पिता जगन्नाथ सिंह अहिरवार निवासी प्रकाशचंद्र सेठी नगर के साथ हुई। उसकी रिपोर्ट पर आरोपी महेश और उसके पुत्र आयुष के खिलाफ केस दर्ज किया गया। फरियादी ने पुलिस को बताया कि मैं आरोपी किराना दुकानदार महेश से अपने पैसे वापस लेने गया तो वह बोला कि पैसे तु हें उसी समय दे दिए होंगे। मैंने कहा कि सामान दे दो अगर पैसे नहीं दे रहे हो तो इसी बात को लेकर महेश और उशके लडक़े आयुष ने गालियां दी और मारपीट कर दी। आरोपियों ने मेरे हाथ से छाता छीन लिया और छाते से पीटा। धमकाया कि आइंदा दुकान पर आया तो जान से खत्म कर देंगे।

## दो पक्षों में विवाद, मारपीट, कार फोड़ी

**इंदौर**। दो थाना क्षेत्रों में विवाद हो गया। विवाद इतना बढा कि उनके बीच में मारपीट हो गई। भंवरकुंआ में तो आरोपियों ने एक कार में तोडफ़ोड़ भी कर डाली। अभिषेक पिता महावीर जैन निवासी अंतिम चौराहा की शिकायत पर कार चालक और उसके साथी के खिलाफ केस दर्ज किया है। अभिषेक ने पुलिस को बताया कि आरोपियों से खंडवा नाका पर गाड़ी हटाने की बात को लेकर विवाद हो गया इस पर आरोपियों ने मारपीट की। विरोध करने पर उनकी कार में तोडफ़ोड़ कर डाली। एक अन्य मामला खजराना नवाब पठान (40) निवासी खजराना की शिकायत पर वसीम, बंटी के खिलाफ केस दर्ज किया है। उन्होंने पुलिस को बताया कि दरगाह मेन रोड से जा रहा था। आरोपी ई रिक्शा के सामने से मोबाइल पर बात करते हुए निकल रहे थे। उसने रिक्शा के सामने से हटने का बोला तो आरोपियों ने उसके साथ में गाली गलौज कर दी विरोध करने पर आरोपियों ने मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी।

# लापरवाही से मजदूर की मौत

## आन्दोलन थाने के घेराव के बावजूद नहीं हुई एफ़आईआर

**इन्दौर। सांवेर रोड़ स्थित एक इंडस्ट्रीज लिमिटेड में धाकड़ समाज के गरीब मजदूर 22 वर्षीय नीरज धाकड़ की दर्दनाक मौत हो गई । आरोप है कि मालिक की लापरवाही से जान गई है।**

कल कम्पनी में कार्यरत मजदूर नीरज धाकड़ का सिर मशीन में आने से दर्दनाक मौत हो गई । कम्पनी में कार्यरत कर्मचारियों के लिए सुरक्षा के कोई संसाधन उपलब्ध नहीं थे। ऐसी स्थिति में परिजनों ने अखिल भारतीय बलाई महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज परमार को घटना की सूचना दी। परमार तत्काल अपने पदाधिकारियों



के साथ हुडडा इंडस्ट्रीज लिमिटेड कंपनी पहुंचे। तब तक कम्पनी मालिक ताला लगाकर भाग चुका था । सभी ने उक्त घटना के विरोध में थाना बाणगंगा का घेराव किया। मौके पर मौजुद पुलिस कर्मियों ने एसीपी धैर्यशील येवले और थाना प्रभारी नीरज बिरथरे को सूचना दी । साथ ही अफसरों ने किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए स्पेशल टास्क फोर्स की टीम को मौके पर तैनात किया। मृतक आश्रित परिजनों की ओर से परमार ने धारा 302 के तहत प्रकरण दर्ज करने की मांग की । परन्तु पुलिस अधिकारियों ने 302 का प्रकरण दर्ज करने से स्पष्ट मना कर दिया । काफी समय तक अफसरों से बहस के बाद बिना एफआईआर के परमार को उलटे पांव लोटना पड़ा । आन्दोलन में बलाई महासंघ के वरिष्ठ नेता इन्द्र परमार, प्रदेश उपाध्यक्ष चिंटू मालवीय, नगर अध्यक्ष धन्नालाल सोलंकी, नगर उपाध्यक्ष राजकुमार मालवीय नेता, जिला उपाध्यक्ष, राजेश सिसौदिया, रवि सिसौदिया सहित सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे ।

## युवक ने फांसी लगाकर दी जान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। औद्योगिक नगरी पीथमपुर के सेक्टर 1 थाना क्षेत्र में तडक़े एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सहायक उप निरीक्षक चंद्र शेखर पटेल ने बताया कि सुबह प्रभात गश्त के दौरान सूचना मिली की मनमानी कॉलोनी अंतर्गत एक मकान में रणसिंह (30) ने अपने किराए के मकान में फांसी लगा ली।

सूचना मिलने पर मौके पहुंच कमरे का दरवाजा खोल कर युवक के शव को नीचे उतारा। जांच करने पर युवक की पहचान रणसिंह पिता हरिसिंह जमरा (31) निवासी ग्राम कोटाबिल्दा जिला धार पाई गई, जो जेसीबी चलाने का काम करता था। युवक मनमानी कॉलोनी स्थित संतोष शर्मा के मकान में किराए से रहता था।

वहीं कमरे में एक सुसाइड नोट मिला, जिसमें युवक के ने गंभीर बीमारी से ग्रस्त होने का जिक्र किया और उसी से परेशान होकर उसने फांसी लगा ली। मृतक के परिजनों को सूचना देकर शव को पोस्टमार्टम के लिए शासकीय सामुदायिक भवन भेज दिया। मृतक जेसीबी ऑपरेटर था। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो रहा है। मृतक के ससुराल से जुड़े लोगों ने बताया कि पता नहीं क्यों इन्होंने ये कदम उठाया दो दिन पहले ही मृतक ने अपनी पत्नी को मायके भेजा था।

## ठेकेदार की संदिग्ध हालत में मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। लसूडिय़ा निवासी एक ठेकेदार की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। रिश्तेदारों ने डॉक्टरों को बताया कि ठेकेदार ने बातचीत करना अचानक बंद कर दी। लसूडिय़ा पुलिस के मुताबिक राहुल गांधी नगर में रहने वाले भरोसेलाल अहिरवार को रविवार को उनके एमवाय अस्पताल लेकर आए।

यहां डॉक्टरों ने चेकअप के बाद मृत घोषित कर दिया। परिवार के लोगों ने बताया कि वह बिस्तर पर लेटे हुए थे। उनहें आवाज दी तो जवाब नहीं दिया। इधर डॉक्टरों ने खाने में संदिग्ध वस्तु खाने की बात कही। इसलिए पोस्टमार्टम कराने की बात कही गई। बाद में पुलिस को सूचना दी गई।

भरोसेलाल को तीन साल पहले पेरालिसिस का अटैक आया। जिसके बाद वह ज्यादातर समय घर ही रहते थे। उनका एक बेटा, बेटी और पत्नी है। पुलिस के मुताबिक प्राथमिक रिपोर्ट और परिवार के बयान के बाद स्थिति स्पष्ट होगी।

## घायल ने दो दिन बाद अस्पताल में दम तोड़ा

**इंदौर** । ऑनलाइन डिलीवरी कंपनी में काम करने वाले एक कर्मचारी की सडक़ हादसे में मौत हो गई। शनिवार रात वह तेज बारिश में हादसे का शिकार हो गया। उपचार के लिये एमवाय में भर्ती कराया गया। सुबह 5 बजे परिजनों को सूचना दी गई। दो दिन एमवाय अस्पताल में उपचार के बाद सोमवार देर रात कर्मचारी की मौत हो गई। परदेशीपुरा पुलिस के मुताबिक घटना सुभाष नगर की है। यहां राहुल पुत्र राजू पाटिल निवासी आराधना नगर सडक़ पर शनिवार रात करीब 11 बजे घायल मिले। नजदीक ही उनकी बाइक पड़ी मिली। एंबुलेंस से उन्हें एमवाय भेजा गया।

sponcership
DGR
Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
Detective Group Report SUBSCRIBE
दैनिक समाचार पत्र/न्यूज़ पोर्टल/न्यूज़ चैंनल
Daily Newspaper
www.dgr.co.in
Worldwide News portal
www.detectivegroupreport.com
Worldwide Youtube channel
https://youtube.com/c/DETECTIVEGROUPREPORT
समाचार, विज्ञापन और समूह से जुड़ने के लिए संपर्क करें
+91 91110 30505
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ■ समूह PRO - एल.एन. उग्र ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।